Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of Ayushman Bharat Yojana in West Bengal -laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री जी की अति महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत की ओर दिलाना चाहता हूं । इस योजना के माध्यम से देश के गरीब लोगों में जीवन स्वास्थ्य और खुशहाली आई है । माननीय प्रधानमंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में आयुष्मान भारत योजना संचालित हो रही है जिसके तहत गरीबों को 5 लाख तक की चिकित्सा केन्द्र सरकार द्वारा निःथल्क उपलब्ध कराई जाती है किंत अत्यंत खेद पूर्वक बताना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस योजना का अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है जिसके कारण पश्चिम बगाल के करोड़ों गरीब इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं और समुचित इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ देते हैं । मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भी आयुष्मान भारत योजना को संचालित कराने के लिए यथोचित कार्रवाई किया जाए ।